>

Title: Need to set up a Rail Coach Factory and construct Rail Over Bridges in Bareilley.

श्री संतोष गंगवार (बरेली) : बरेली उत्तर प्रदेश का मुख्य महानगर है तथा पूर्वोत्तर रेल का मुख्य केन्द्र है। मण्डल रेल कार्यालय के साथ ही यहां पर पूर्वोत्तर रेल का डिब्बा सुधार व क्रेन निर्माण की बड़ी इकाई (कारखाना) थी। परन्तु काम कम होने के कारण यहां इकाई में मजदूरों की संख्या निरन्तर कम होती जा रही है। यहां पर रेल की काफी बड़ी आधारभूत संरचना है तथा 20 वर्ष पूर्व कोच फैक्ट्री की स्थापना हेतु विचार भी किया गया था। परन्तु विभिन्न कारणों से संभव नहीं हो पाया। मैं चाहूंगा कि इस क्षेत्र की आवश्यकता व रेल की उपयुक्त संरचना को ध्यान में रखते हुए कोच फैक्ट्री या इसके समान उपयुक्त कारखाना प्रारम्भ करने हेतु प्रक्रिया अपनायी जाये।

इसके अतिरिक्त महानगर बरेली के निम्न स्थानों पर रेल ओवर ब्रिज की मांग निरन्तर की जा रही है। मेरा आग्रह है कि इन स्थानों पर रेलवे के ओवर ब्रिज का निर्माण हेतु उपयुक्त कदम उठाते हुये आवश्यक निर्देश दिये जाये।

1. हार्टमैन कालेज रेल क्रासिंग (पूर्वोत्तर) बरेली महानगर।

2. इज्जतनगर क्रासिंग (पूर्वोत्तर) बरेली महानगर।

3. कटघर श्मशान भूमि (पूर्वोत्तर) बरेली महानगर।

4. नगरिया सादात (मीरगंज-बरेली) उत्तर रेलवे।

5. भिटौरा (फतेहगंज पश्चिमी) उत्तर रेलवे।